सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक - ६७ सोमवार – ०९/०२/२०२६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

सवाल यह है कि क्या अमेरिका दुनिया का स्वयंभू पुलिसकर्मी है या वह अपने हितों के लिए अस्थिरता पैदा करने वाला मुख्य कारक है। अमेरिका की विदेश नीति अक्सर लोकतंत्र की रक्षा और मानवाधिकारो् के सुंदर शब्दों में लिपटी होती है। लेकिन इसकी तह में जाने पर आर्थिक और सामरिक स्वार्थ स्पष्ट दिखाई देते हैं। वेनेजुएला का उदाहरण लें तो वहां लोकतंत्र की चिंता से कहीं अधिक दिलचस्पी वहां के विशाल तेल भंडारों और लैटिन अमेरिका में समाजवाद को कुचलने में है। अमेरिका की यह पुरानी कार्यशैली रही है कि जहाँ भी उसकी विचारधारा या व्यापारिक हितों को चुनौती मिलती है वहां वह शासन परिवर्तन का खेल शुरू कर देता है। हथियारों का कारोबार भी इस तनाव का एक बड़ा कारण है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है। जब तक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध या तनाव की स्थिति बनी रहेगी तब तक उसके सैन्य.औद्योगिक परिसर का मुनाफा बढ़ता रहेगा। मध्य पूर्व में दशकों से जारी अस्थिरता इसका सबसे बड़ा प्रमाण है जहाँ गुटबाजी को हवा देकर अरबों डॉलर के हथियार बेचे जाते हैं। इसके अलावाए डॉलर की वैश्विक प्रधानता को बनाए रखने की होड़ भी संघर्षों को जन्म देती है। जो भी देश डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने या अपनी स्वतंत्र आर्थिक राह चुनने की कोशिश करता है चाहे वह लीबिया के गद्दाफी हों या वेनेजुएला के मादुरो उसे अमेरिकी कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। दूसरों के आंतरिक मामलों में दखल देने की यह प्रवृत्ति न केवल संप्रभुता के सिद्धांत का उल्लंघन है। बल्कि यह एक ऐसी अराजकता को जन्म देती है जिसका खामियाजा निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ता है। अब समय आ गया है कि दुनिया एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़े जहाँ किसी एक शक्ति की सनक पूरी दुनिया की किस्मत तय न करे।

**स्वतंत्र बौद्धिकपत्र समाचार पत्र साहसी महिला कंचन बाई को इस साहसीक कार्य के लिए नमन करता है !**

## जिले के जावद तहसील के रानपुर गाँव में मधुमक्खियों के हमले से बच्चों को बचाने मे साहसी महिला कंचन बाई ने दे दी खुद की जान !

**तिरपाल ,दरी ओर साडी के पल्लु से बचाई जान , सीएम ने सराह प्रशासन ने नकारा ग्रामीण हूए नाराज ।**





नारीशक्ती जब कोई कार्य हाथ मे उठाती है तो चाहे प्राण ही क्यो न त्यागना पडे उसे पुरा करती है नीमच जिले के जावद तहसील के मडावदा पंचायत के रानपुर गाँव मे आंगनबाड़ी केंद्र पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बच्चों को उनसे बचाने के लिए केंद्र में खाना बनाने वाली कंचन बाई मेघवाल मधुमक्खियों के सामने खड़ी हो गईं। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सभी बच्चों को तिरपाल और दरी साडी में लपेटा। फिर अंदर के कमरे में भेजा। उन्हे मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बच्चे सोमवार दोपहर को मडावदा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र के 20 बच्चे बाहर खेल रहे थे। अचानक कई मधुमक्खियां वहां आ गईं और बच्चों को घेर लिया। यह देखकर कंचन बाई ने तुरंत हिम्मत दिखाई। उन्होंने पास पड़ी तिरपाल और दरी से बच्चों को ढंकना शुरू कर दिया।जब तक ग्रामीण मदद के लिए दौड़ते, हजारों मधुमक्खियां कंचन बाई को बुरी तरह डंक मार चुकी थीं। ।कंचन बाई को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा– कंचनबाई आंगनबाड़ी में खाना बनाने वाले श्जय माता दी स्व–सहायता समूहश की अध्यक्ष थीं। वे खुद भी बच्चों के लिए खाना बनाने का काम करती थीं उनके पति शिवलाल को पैरालिसिस है। ऐसे में घर का सारा बोझ कंचन बाई के कंधों पर ही था। दंपती का एक बेटा और दो बेटियां हैं। महिला बाल विकास अधिकारी ने एक लिखित बयान जारी कर कंचनबाई की बहादुरी को नकारा। कहा गया है कि कंचन बाई ने नहीं बल्कि स्कूल में पढ़ा रही टीचर ने बच्चों की जान बचाई। मुख्यमंत्री ने यादव ने उनके कार्य की सराहना की आरे कंचनबाई मेघवाल के असमय निधन को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताते हुए उनके परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। वही मेघवाल समाज के लोग शुक्रवार को बड़ी संख्या में कलेक्टर ऑफिस पहुंचे और प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।मांग रखी है कि कंचन बाई के परिवार को एक करोड़ रुपए की मदद, वीरता सम्मान और सरकारी नौकरी दी जाए। महिला बाल विकास अधिकारी को हटाने माँग की गई

## होस्टल जाने के लिए निकली छात्रा का शव कुएं मे मिला, घटनास्थाल से मिला सुसाइट नोट जाँच का विषय l

*लापता छात्रा कि गुमशुदगी रिर्पोट नीमच सिटी थाने मे दर्ज*

नीमच सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबा में चार दिन से लापता 17 वर्षीय छात्रा का शव शनिवार दोपहर गांव के एक कुएं में मिला। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसके आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। मृतिका की पहचान अंजलि (17) पिता दिनेश नायक निवासी ढाबा के रूप में हुई है। अंजलि 3 फरवरी को घर से हॉस्टल जाने की बात कहकर निकली थी, जिसके बाद से वह लापता थी। वह कक्षा 11वीं की छात्रा थी और मनासा नाके के समीप स्थित कोठी स्कूल के छात्रावास में रहती थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन जब वह नहीं मिली तो सिटी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों को गांव के समीप स्थित एक कुएं में युवती का शव दिखाई दिया। खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त अंजलि के रूप में की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। नीमच सिटी थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संदिग्ध है और पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है। शव का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मिले सुसाइड नोट के आधार पर जांच कर रही है कि आखिर बालिका ने यह कदम क्यों उठाया। हालांकि, पिता के अनुसार घर में

## सोनियान के संरपच ने जहर पी कर दी जाने पुलिस जाँच मे जुटी

नीमच के सोनियाना गांव में वर्तमान महिला सरपंच विद्या बाई ने बुधवार देर शाम जहर पी लिया। इलाज को दौरान मौत हो गई। सरपंच विद्या बाई (48) पति घनश्याम प्रजापति की जहर खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजन तुरंत जिला अस्पताल ले गए। 15 घंटे के इलाज के बाद गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। महिला सरपंच की ओर यह कदम उठाने के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर बघाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर गुरुवार दोपहर परिजनों को सौंप दिया। बघाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

## ओलावृष्टि मुआवजे पर काँग्रेज का 4 सुत्रीय ज्ञापन ओर प्रर्दाशन

*प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर फसल बीमा क्लेम की माँग की*

नीमच जिले में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे और फसल बीमा क्लेम में देरी को लेकर कांग्रेस ने रविवार को भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत माता चौराहा पर एक विशाल धरना–प्रदर्शन आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने आरोप लगाया कि ओलावृष्टि से गेहूं, चना और सरसों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक निष्पक्ष सर्वे नहीं कराया गया है। नेताओं ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण अन्नदाता आर्थिक रूप से टूट चुका है और किसान महीनों से अपने बीमा क्लेम के लिए भटक रहे हैं। (डीबी एप के सौजन्य से)

## खनिज विभाग की कार्यवायी में अवैध खनन पर जेसीबी सहित पाँच वाहन पुलिस जब्ती में l



नीमच जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को विभाग की टीम ने नीमच, जावद, सिंगोली और मनासा क्षेत्रों में अभियान चलाकर 1 जेसीबी और 4 ट्रैक्टर जब्त किए। ये वाहन अवैध रूप से रेत, खंडा और मुरूम का परिवहन कर रहे थे। यह कार्रवाई खनि अधिकारी गजेंद्र सिंह डावर और सर्वेयर सुनील जाधव के नेतृत्व में की गई। टीम ने सुबह से देर रात तक चले अभियान के दौरान अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों को मौके पर ही पकड़ा।

## संकल्प के समाधान अभियान के तहत नीमच में विशाल नैत्र शिविर का आयोजन

**शिविर मे 423 नेत्र रोगी लाभान्वित**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश एवं जिले में संकल्प्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार कलेक्ष्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नैत्र रोगियों की जांच एवं मोतियाबिंद की जांच तथा उपचार के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे है।

इसी क्रम में संकल्प से समाधान अभियान के तहत शनिवार को रेडक्रास परिसर नीमच में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशाल नैत्र रोग जांच , मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का 423 रोगियों ने लाभ लिया।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को इस वृहद नैत्र रोग एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का निरीक्षण कर, जांच एवं उपचार कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने शिविर में सेवाएं दे रहे नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संगीता भारती एवं मेडीकल कालेज के नैत्र चिकित्सकों की टीम से चर्चा कर नैत्र रोगियों की जांच, मोतियाबिंद जांच एवं उपचार एवं आवश्यकतानुसार चश्में वितरण के बारे में जानकारी ली।

उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद को आगामी शिविरों में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संगीता भारती के सहयोग के लिए गोमाबाई से नैत्र चिकित्सों की सेवाए लेने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शिविर में नैत्र परीक्षण एवं उपचार के लिए आए वृद्धजनों, नैत्र रोगियों से चर्चा कर, जानकारी ली। इस शिविर में 423 नैत्र रोगियों द्वारा पंजीयन करवाया। इनमें नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा शिविर में नैत्र रोगियों की जांच कर, 51 रोगी मोतियाबिंद आपरेशन के लिए एवं 266 रोगियों को चश्में प्रदान करने के लिए चयनित किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सकों ने 25 रोगी नाखूना, 65 एलर्जीक रोगी एवं 16 अन्य नैत्र रोगियों की जांच कर, उन्ध्हें आवश्यक दवाईयां वितरित की।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/





(1)

गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/




(2)

होम पेज पर केटेगिरी मे जाए




(3)

ई-पेपर केटेगिरी चुने




(4)

समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।

